विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्रमाँक / परीक्षा / 2022 / 10190　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनाँक: 09-03-22

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पी–एच.डी. कोर्स वर्क (विषय–**संस्कृत** एवं **उर्दू**) शिक्षा सत्र 2021–22 के नियमित एवं पूर्व समस्त छात्र जो विभागीय शोध समिति के समक्ष प्रस्तुत होकर प्रवेश शुल्क एवं कोर्स वर्क शुल्क जमा करने के पश्चात् कोर्स वर्क में सम्मिलित हो चुके हैं, उन समस्त छात्रों को एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से नामांकन / परीक्षा शुल्क करवाये जाने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती है :–

- **ऑनलाईन नामांकन / परीक्षा शुल्क आवेदन–पत्र जमा करने की तिथिः–**

  "दिनाँकः **10 मार्च 2022** से **15 मार्च 2022** तक।"

परीक्षा आवेदन–पत्र जमा करने सम्बन्धी दिशा–निर्देशः–

01) निदेशक / केन्द्राध्यक्ष, सम्बन्धित अध्ययनशाला की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने पर अगर कोई छात्र परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्थान का होगा।

02) निदेशक / केन्द्राध्यक्ष, सम्बन्धित अध्ययनशाला परीक्षा आवेदन–पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से अर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/– प्रति परीक्षार्थी सम्बन्धित महाविद्यालय संग्रहित करेगा। इस राशि में से विश्वविद्यालय का अंश रू. 10/– प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि.वि. को करेंगे।

03) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/– तथा अन्य संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/– सम्बन्धित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

04) सम्बन्धित प्राचार्य / निदेशक परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन–पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

05) आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात् **पाँच (05) दिवस** के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय–सीमा में जमा न कराने के पश्चात् प्रति छात्र रूपये **10/–** (**रुपये दस**) विलम्ब शुल्क संस्थान् को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार,

उपकुलसचिव (परीक्षा)

निरंतर आगे.....2.

क्रमाँक/परीक्षा/2022/ 10191 दिनाँकः 09-03-22

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

01. निदेशक/प्राचार्य, सम्बन्धित संस्थान्/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से सम्बन्धित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना—पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार—पत्र.. की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार—पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)